Regarding announcement of MBB Airport as International Airport

श्री बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा पश्चिम) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय नागर विमानन मंत्रालय को अवगत कराना चाहता हूं कि एमबीबी हवाई अड्डा, अगरतला त्रिपुरा का एक मात्र एयरपोर्ट है । वह नॉर्थ-ईस्ट रीजन में यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार है । वहां नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन 04.01.2022 को माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा किया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार वहां एक हजार अंतरराज्यीय और दो सौ अंतरराष्ट्रीय यात्री संभालने की क्षमता है, बीस चेक इन काउंटर्स हैं और तीन मिलियन यात्रियों की वार्षिक क्षमता है । अगरतला-चिटगांव मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन शुरू करने के लिए राज्य सरकार ने 18.85 करोड़ रुपए की राशि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को दे दी है । वहां इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम और ग्राउंड लाइटिंग की सुविधा मौजूद है । वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने 04.01.2023 को एमबीबी हवाई अड्डे को सीमा शुल्क चेक पोस्ट घोषित कर दिया है । मैं भारत सरकार के गृह मंत्रालय से इस संबंध में घोषणा की प्रतीक्षा कर रहा हूं ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैंने इस विषय में तत्कालीन माननीय नागर विमानन मंत्रालय को पत्र लिखा था, जिसके उत्तर में उन्होंने बताया है कि इमीग्रेशन चेक पोस्ट का विषय गृह मंत्रालय से संबंधित है । माननीय नागर विमानन मंत्री जी से अनुरोध है कि गृह मंत्रालय से बातचीत कर एमबीबी एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन चेक पोस्ट शीघ्र-अतिशीघ्र शुरू करे और इंटरनेशनल एयरपोर्ट घोषित करे ।? (व्यवधान)